# समर कैंप में छात्रों ने की पूरी मस्ती



- डीपीएस स्कूल प्रबंधन ने की थी विशेष तैराकी की व्यवस्था
- नृत्य, गायन, संगीत, थिएटर जैसी गतिविधियां भी थी शामिल

**आसनसोल.** दिल्ली पब्लिक स्कूल (आसनसोल) में कक्षा प्री नर्सरी से तीसरी तक के छात्रों के लिए समर कैंप का आयोजन किया गया. इस दौरान बच्चों के लिए अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया. जिसमें छात्रों की रूचि, मनोरंजन, स्वास्थ्य और बौद्धिक स्तर में वृद्धि के उद्देश्य को पूर्णतया ध्यान में रखकर तैराकी, नृत्य, गायन व संगीत तथा थिएटर जैसी गतिविधियों को शामिल किया गया. समय–समय पर इस प्रकार की गतिविधियों का आयोजन कर प्रतिदिन के क्रिया–कलापों से कुछ दूर होकर एक बार फिर स्वयं को नए जोश के साथ नए कार्य करने के लिए तैयार करने में मदद मिलती है. झुलसती हुई धूप में गर्मी से बेहाल बच्चों ने तरणताल में मद्धम- मद्धम संगीत की धुनों के बीच जल क्रीड़ा का भरपूर आनन्द लिया. पानी में डुबकियां लगाने के साथ – साथ बच्चों ने संगीत लहरी पर नृत्य भी किया.एक दूसरे पर पानी की बौछार कर छात्रों ने अपनी ख़ुशी का प्रदर्शन किया. जल में गेंद को उछाल- उछाल कर खेलते हुए बच्चे ऐसे लग रहे थे मानों अपनी आने वाली छुट्टियों का स्वागत कर रहे हों. तैराकी के साथ – साथ छात्रों ने शास्त्रीय एवं पाश्चात्य नृत्य व गायन के गुर भी सीखे. भोली सूरत जान के हमको.' जैसे गीतों का गायन भी किया,.छात्रों ने कविता गायन औरश्रवण का भी आनंद लिया. विद्यालय में कार्टून फिल्मों को दिखाने की भी व्यवस्था की गयी.